The Baptist Tabernacle of Los Angeles

1329 South Hope Street, L.A. Civic Center

Mailing Address:
P. O. Box 15308
Los Angeles, CA 90015
Phone: (213) 744-9999
E-mail: rlhymersjr@sbcglobal.net
www.sermonsfortheworld.com
www.baptisttabernacle.com

Dr. R. L. Hymers, Jr.
Senior Pastor

Dr. Christopher L. Cagan
Associate Pastor

Dr. Kreighton L. Chan
Assistant Pastor

दिसंबर,२०१७

प्रिय मित्र:

"अगेंस्ट ऑल फियर्स" मेरे जीवन की कहानी है जो कुछ दिनों पहले मैंने लिखना समाप्त की। डॉ बॉब जोंस तृतीय मेरी पुस्तक के प्रशंसकों में से एक हैं, वे मुझे "भविष्यवक्ता" कहकर बुलाते हैं। बीबीएफआय के दो बार अध्यक्ष रह चुके, डॉ बिल मुनरों का कथन था, "डॉ हिमर्स आधुनिक काल के दानियेल हैं।" बीबीएफ के संरक्षक, डॉ जॉन रौलिंग्स के सुपुत्र और रौलिंग्स फाउंडेशन के अध्यक्ष, डॉ हरबर्ट रौलिंग्स मुझे, "एक सच्चा अमेरिकी! एक स्वप्नदर्शी! जिनका जीवन अंतर पैदा कर देने वाला जुनून दर्शाता है" कहकर बुलाते हैं। लूसियाना बैपटिस्ट यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष, डॉ नील वीवर का कथन था, "एक साहसी मनुष्य के विषय में यह आकर्षक व प्रेरणादायक पुस्तक है।" समाचार व्याख्याकार डॉ जॉन बॉयज ने कहा था, "'अगेंस्ट ऑल फियर्स" न केवल प्रचारकों द्वारा परंतु प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा पढ़ी जानी चाहिये। हिमर्स प्रत्येक जन के लिये एक उदाहरण हैं.....उनकी कहानी इस युग की आवश्यकता - जैसे साहस, प्रतिबद्धता और व्यक्तित्व को संक्षिप्त में प्रस्तुत करती है।" इंडोनेशिया के हमारे मिशनरी, डॉ इदी पुरवांतों ने कहा, "मैं इस पुस्तक की अत्यधिक अनुशंसा करता हूं। जब परमेश्वर मनुष्य के साथ होते हैं, तो वह परास्त नहीं हो सकता है। डॉ हिमर्स ऐसे हीरो हैं जो अत्यंत खतरनाक युद्धों में से विजयी होकर बाहर आये हैं।"

जॉन सैम्यूएल कैगन, हमारे सहायक पास्टर डॉ क्रिस्टोफर एल कैगन और डॉ जूडिथ कैगन के सुपुत्र हैं। जॉन सेवकाई में मेरे सहायक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। सब महत्वपूर्ण बातों में से एक बात जो हमारे चर्च में हुई, वह जॉन का सुसमाचार प्रचार के लिये समर्पण करना है। वे अब बायोला यूनिवर्सिटी के टलबोट स्कूल ऑफ थियोलॉजी में सीधे "अ" स्तर के विधार्थी हैं। जॉन ने मेरी आत्मकथा का परिचय लिखा है। उन्होंने लिखा है, "डॉ हिमर्स मसीह के लिये और चर्च के प्रति एकतरफा विचार केंदित किये रहे, जो सुपरस्टार ऐथलीट और राजनीति में प्रभावशाली व्यक्तित्व और विजेताओं का गुण होता है.....७७ की उम्र में कैंसर के (प्रहार) से उत्पन्न कमजोरी और चिकित्सा के कारण, अधिकतर मनुष्य रिटायर हो चुके होते। परंतु डॉ हिमर्स हमारे चर्च और परमेश्वर के लिये ये संघर्ष जारी रखे हुए हैं! मैंने उन्हें पुल्पिट तक स्वयं को घसीट कर ले जाते हुए और प्रचार करते हुए देखा है। एक रात पहले बहुत कम नींद सोने के बावजूद, चलने में जब पैर साथ नहीं दे रहे थे, पेट में ऐंठन थी, इसके उपरांत वह पुल्पिट पर मजबूती से खड़े हुए और मसीह ने उन्हें सामर्थ प्रदान की। और उनके प्रचार करने का तरीका कैसा है? एक शेर के समान! उनका कमजोर कहलाये जाने वाला संदेश भी बहुत सामर्थशाली होता है, जो आप ने और कहीं नहीं सुना होगा! इसीलिये तो संपूर्ण संसार के प्रचारक उनके संदेशों को अपने पुल्पिट से प्रचार करते हैं.....आज डॉ हिमर्स के हस्तलिखित संदेश संसार की ३६ भाषाओं में अनुवादित होते हैं.....उनके संदेश अब परमेश्वर द्वारा संपूर्ण संसार में अपना प्रभाव छोड़ने के लिये हो प्रयुक्त होते हैं। पिछले साल २१८ देशों में १.५ मिलियन लोगों ने उनके संदेश पढ़ें, उनके विडियोज देखें और उनकी वेबसाईट www.sermonsfortheworld.com पर उनके प्रचार को देखकर प्रभावित हुए.....डॉ हिमर्स की कहानी आप को प्रेरित करेगी कि आप मसीह के लिये जियें – मसीह, जिनसे हिमर्स बहुत प्रेम करते हैं और उनकी सेवा विश्वसनीयता

से करते हैं। मुझे यह कहते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है कि पिछले कुछ सप्ताहों में डॉ हिमर्स ने बहुत ताकत प्राप्त की है। मैं प्रार्थना करता हूं कि कैंसर वापस नहीं लौटें और वे कई वर्षो तक जियें।"

डॉ राबर्ट एल समनर जो देश के प्रख्यात इवेंजलिस्ट हैं और ''बिब्लीकल इवेंजलिस्ट" के लंबे समय से संपादक रहे हैं, उन्होंने कहा, ''मैं प्रशंसा करता हूं और मुझे यह देख कर अच्छा लगता है कि कोई व्यक्ति सत्य के प्रति अडिग रहने का इच्छुक है.....उनके विरूद्ध सारी विषम परिस्थितियों के बावजूद भी। राबर्ट लैसली हिमर्स, जूनियर एक ऐसे ही मसीह के एक मसीही सेवक हैं!" (***दि ऑनर वॉज ऑल माईन जायन्ट; ऑफ दि फेथ हूज पाथ क्रास्ड माईन,*** २०१५, पेज १०४,१०५) आप मेरी आत्मकथा को आर्डर कर सकते हैं, जब पुस्तक २०१८ बसंत ॠतु में प्रकाशित होगी, डॉ क्रिस्टोफर एल कैगन को (३२३) ७३५–३३२० इसके लिये फोन करके अपनी प्रति सुरक्षित करवा सकते हैं।

नोहा सांग, हमारे चर्च के एक और युवा हैं जिन्हें प्रचार करने की बुलाहट मिली है। वह कॉलेज की डिग्री पूरी करने पर हैं, तत्पश्चात सेमनरी के लिये जायेंगे। नोहा, जॉन के सहायक होगें, जब जॉन मेरे बाद चर्च के पास्टर होंगे और मैं पास्टर एमेरिटस हो जाउंगा। नोहा और जॉन दोनों उत्कृष्ट युवा प्रचारक हैं। इस वर्ष के प्रारंभ में नोहा ने इंडोनेशिया और चीन में प्रचार किया। जॉन ने डोमिनीकन रिपब्लिक और भारत में दो इवेंजलीकल क्रूसेड में प्रचार किया। अगले साल जनवरी में जॉन और नोहा दोनों डॉ कैगन के साथ अफ्रीका जायेंगे, जहां वे यूगांडा, केन्या और रवांडा के देशों में प्रचार करेंगे।

हमने इस साल के आरंभ में मराठी (भारत की एक और भाषा) और क्रेओल (हैती की भाषा) को सम्मिलित किया है। इस प्रकार हमारे संपूर्ण संदेश की हस्तप्रतिलिपि हमारी वेबसाईट पर अब ३६ भाषाओं में उपलब्ध है!

मेरी पत्नी इलियाना और मैंने अपने विवाह की ३५ वीं वर्षगांठ सितंबर में मनाई। इलियाना हमारे चर्च की युवा महिलाओं की प्रमुख हैं। वह उन्हें परामर्श देने का अदभुत कार्य करती हैं। मैंने इलियाना को अंर्त–सांस्कृतिक मसीही सेवक के रूप में पाया है, चूंकि उनके पास अधिकतर लड़कियां पूर्वी देश से हैं और वह स्वयं ग्वाटेमाला की रहने वाली हैं!

मेरे दोनों पुत्र राबर्ट और जॉन चर्च के कार्यो में मेरी बहुत सहायता करते हैं। फरवरी माह में मेरे बेटे राबर्ट और उनकी पत्नी जिन से हमारे यहां सारा नामक पोती होगी। उनकी पहली पुत्री हन्ना अब लगभग दो वर्षो की हो गयी हैं। वे पहले से ही चलने लगी हैं और बातें करती हैं – वे बहुत प्यारी बच्ची हैं जो मुझे हर बार देखने पर चूमना पसंद करती हैं! वे मेरे मन को आनंद के मधुर गीत से भर देती हैं!

नवंबर में मैंने १३ लोगों को बपतिस्मा दिया। उनमें से तीन को छोड़कर शेष जो जगत के लोगों में से आये थे, उन्होंने उद्धार प्राप्त किया – डैनी कार्लोस, तिमोथी चान, जोसेफ गांग, जूडी ली, थॉमस लूऑंग, योआना सूकामोटो, मिन वू, टॉम जिया, जैसिका यिन, अयाको जबालागा, एलिशिया जैकीमिटीजिन, जैसी जैकीमिटीजिन, बॉयैंग हैंग। आप उनके नामों से पहचान सकते हैं कि ये युवा मसीहियों का भिन्न समूह हैं। हम गौरवांवित महसूस करते हैं कि ल्योस ऐंजीलिस के सिविक सेंटर में स्थित हमारे इस बड़े चर्च में २० विभिन्न समूहों के लोग चर्च के सदस्य हैं! नवंबर माह में हमने ५ युवाओं को डीकन के रूप में भी अभिषिक्त किया है – उनके नाम हैं, ऐरोन यांसी, क्यू डोंग ली, जैक नैन, नोहा सोंग, जॉन सैम्यूएल कैगन। प्रारंभिक चर्च के उदाहरण का अनुकरण करते हुए, जॉन को पास्टर के रूप में अभिषिक्त करने के पहले उन्हें डीकन पद पर अभिषेक दिया गया है, जब वे सेमनरी स्नातक की शिक्षा दो तीन वर्षो में पूर्ण करेंगे, वे हमारे चर्च के स्थायी पास्टर नियुक्त किये जायेंगे। जॉन पहले से ही अधिकतर रविवार की सुबह हमसे हर सप्ताह मिलने आने वाले युवाओं को प्रचार करते हैं। सेवकाई के कार्य में वह मेरे ''पुत्र" हैं। हमारी वेबसाईट (www.sermonsfortheworld.com) पर उनके संदेश का भी एक विडियो आप देखें। मैं प्रति शनिवार और रविवार की संध्या, जितना अधिक समय संभव हो सकेगा, प्रचार करता रहूंगा।

अगले वर्ष हम सेवकाई में मेरी ६० वीं वर्षगांठ मनायेंगे! मुझे तो विश्वास ही नहीं होता है कि मैं ६० वर्षो से सुसमाचार प्रचार कर रहा हूं! मेरे कैंसर रोग में अभी ठहराव है। प्रार्थना कीजिए कि ये रोग तब तक पुनः लौटकर न आये जब तक मैं हमारे इस महान चर्च में जॉन और नोहा के साथ प्रचार व पास्तरीय कार्य करने के ७० वर्ष न मना लूं! इलियाना सेवकाई में मेरी सहयोगी हैं। वे प्रतिदिन मेरे साथ साथ कार्य करती हैं, जब हम जग के इस विशाल और बुरे ल्योस ऐंजीलिस शहर में युवा लोगों को जीतते हैं। मेरे सहयोगी डॉ क्रिस्टोफर एल कैगन के बिना तो कोई सा भी कार्य हो पाना संभव नहीं है। मैं डॉ क्रेटन एल चान, मिसिस एम्मा सालाजर व हमारे डीकंस व अनुवादकों को बहुत धन्यवाद देता हूं जिनके योगदान के बिना सेवकाई कर पाना असंभव होता!

हमने जनवरी २९ को चीनी नव वर्ष मनाया। नोहा सोंग ने सुबह की आराधना में और डॉ क्रेटन एल चान ने संध्या की आराधना में प्रचार किया। अप्रैल में छुटिटयां बिताने मैं अपने परिवार को प्यूअर्टो वलार्टा, मैक्सिकों ले गया। मेरा पुत्र

राबर्ट, बहु जिन, बेबी हन्ना, मेरा दूसरा पुत्र वेस्ली, इलियाना की मां लिंडा, इलियाना और मैं साथ गये थे। बहुत ही खूबसूरत, प्यारा और आरामदायक स्थान था। डॉ राबर्ट एल समनेर जो ९४ वर्ष की अवस्था में दिसंबर माह में प्रभु में सो गये, उन्होंने मुझे आश्चर्यचकित कर दिया जब वे अपनी सारी पुस्तकों को हमारी वेबसाईट पर विक्रय करने के लिये सौप गयें। एकमात्र यही स्थान हैं जहां डॉ समनेर की कई पुस्तकें क्रय की जा सकती हैं - www.sermonsfortheworld.com पर। सामने के पेज पर काले रंग की पृष्ठभूमि लिये इसका विज्ञापन देखिये। अगस्त से शीत तक हमने आत्मिक जाग्रति पर बल दिया। मैंने चालीस बार प्रचार किया, एक के बाद एक रात, एवं जब परमेश्वर नीचे उतर आये, आशांवित रूप में कई लोगों ने मन फिराया और कईयों को पुर्नज्जीवन प्राप्त हुआ। यह दूसरा वर्ष था, जब परमेश्वर नीचे उतर आये और हमारें चर्च को आत्मिक ताजगी से भर दिया! अगले साल हम और अधिक आत्मिक जाग्रति हमारे चर्च में फैले, ऐसी प्रार्थना करते हैं! डॉ चान के सुपुत्र तिमोथी डीकन बन गये हैं, उन्होंनें चीनी मध्यकाल शरद ऋतु के उत्सव ८ अक्टूबर, रविवार की सुबह प्रचार किया था। मेरी आत्मकथा के छपने के पश्चात, मैं अगले वर्ष आत्मिक जागरण के उपर एक पुस्तक लिखने का विचार कर रहा हूं। कृपया इस प्रोजेक्ट के लिये प्रार्थनारत रहिये।

कल थैंक्सगीविंग डे है। मेरी पत्नी ने हमारे निवास पर ४० लोगों को हमारे साथ इस उत्सव को मनाने के लिये आमंत्रित किया है। यह हमारी प्रार्थना है कि इस सुंदर और अर्थपूर्ण क्रिसमस के उत्सव पर मसीह की उपस्थिति आप के घरों में होगी। परमेश्वर आप सभों को आशीष देवें!

दादा हिमर्स और उनकी प्यारी पोती, हन्ना

यीशु के नाम में आपका,

आर एल हिमर्स
डी मिन, टी एच डी, लिट डी
फिलि ४:१३

आइये जानियें, क्यों १२०,००० पास्टर्स पिछले वर्ष हमारी वेबसाईट पर आये। इस वेबसाईट पर संदेश हस्तप्रतिलिपियां ३६ भाषा और ३ भाषाओं में विडियों उपलब्ध हैं। अगर आप एक प्रचारक हैं और मेरे समान संदेश के लिये कहीं ‘‘अटक" जाते हैं, तो इस वेबसाईट पर आइये। लगभग १,५००,००० लोगों ने (जिसमें १२०,००० पास्टर्स भी) शामिल हैं, इस वर्ष उन्हें ***WWW.SERMONSFORTHEWORLD.COM.*** से संदेश तैयार करने में मदद मिली है।

हमारी संदेश वेबसाईट सैकड़ों संदेश हस्तलिपियां हिंदीऔर ३५ अन्य भाषाओं में उपलब्ध करवाती है
WWW.SERMONSFORTHEWORLD.COM.

हमारी चर्च वेबसाईट WWW.BAPTISTTABERNACLE.COM. पर भी आइये

मिसिस ऐरेंडोंडो, वेस्ली, मिसिस हिमर्स, राबर्ट लेस्ली बेबी हन्ना को थामे हुए, जिन हिमर्स (राबर्ट की पत्नी) प्यूअरर्टो वलार्टा, मैक्सिकों होटल में डॉ हिमर्स के साथ

डॉ हिमर्स अपने जन्मदिन केक पर ७६ संख्या को, अचरज से देखते हैं!

डॉ हिमर्स मिस बायांग हैंग को बपतिस्मा देते हुए

डॉ हिमर्स प्रत्येक बपतिस्मा पाये जन को स्कोफील्ड स्टडी बाइबल देते हुए

हन्ना हिमर्स, ग्वाटेमाला से अपने परनाना, राफेल क्यूलार के साथ!

नये अभिषिक्त डीकंस (सामने की पंक्ति) नये बपतिस्मा प्राप्त सदस्य (पीछे की पंक्ति)

हमारी संदेश वेबसाईट सैकड़ों संदेश हस्तलिपियां हिंदी और ३५ अन्य भाषाओं में उपलब्ध करवाती है

WWW.SERMONSFORTHEWORLD.COM.

हमारी चर्च वेबसाईट WWW.BAPTISTTABERNACLE.COM. पर भी आइये

मिसिस हिमर्स का जन्मदिन। डॉ हिमर्स बेबी हन्ना को थोड़ा बर्थडे केक खिलाते हुए

डॉ और मिसिस हिमर्स

डॉ हिमर्स और जॉन सैम्यूएल कैगन
व उनकी मंगेतर जूली सिविले

विंस्टन सांग चीनी भाषा के अनुवादक (मध्य में)
पार्श्व में जॉन सैम्यूएल कैगन (बायें) व नोहा सांग (दायें)

जॉन सैम्यूएल कैगन डोमिनीकन रिपब्लिक में प्रचार करते हुए
उनके पिता डॉ कैगन स्पेनिश में अनुवाद करते हुए

जॉन सैम्यूएल कैगन भारत में क्रूसेड में प्रचार करते हुए

हमारी संदेश वेबसाईट सैकड़ों संदेश हस्तलिपियां हिंदी और ३५ अन्य भाषाओं में उपलब्ध करवाती है
WWW.SERMONSFORTHEWORLD.COM.
हमारी चर्च वेबसाईट WWW.BAPTISTTABERNACLE.COM. पर भी आइये